# प्रेस नोट दिनांक 03.09.2024, जनपद प्रतापगढ़

## थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़

एसपी डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में गैंगस्टर एक्ट के 01 अभियुक्त गिरफ्तार

हत्या, गैंगस्टर, जैसे जघन्य अपराध कारित करने वाले जनपदीय गैंग सरगना/गैंग के सदस्य, कुल 03 अभियुक्तों के विरुद्ध थाना बाघराय में गैंगस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत है।

अभियुक्त पर रमेश पाल पुत्र रामानन्द पाल पर थाना बाघराय में दर्ज हैं मुकदमें -

अभियुक्त द्वारा अपने आपराधिक कृत्यों से समाज में भय एवं आतंक का माहौल पैदा कर आम जनता को आतंकित व भयभीत कर अनाधिकृत रूप से प्राप्त करते हैं आर्थिक, भौतिक व अनुचित लाभ

एएसपी पश्चिमी श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी सदर श्री अमर नाथ गुप्ता के नेतृत्व में गैंगस्टर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा दी जा रही थी दबिश

थाना बाघराय पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर रमेश पाल पुत्र रामानन्द पाल को थानाक्षेत्र बाघराय के नगरहन का पुरवा बैंक मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

प्रतापगढ।

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराध एवं आपराधिक क्रियाकलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी कार्यवाही/ अभियान के तहत जनपदवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित किये जाने एवं अपराध नियंत्रण के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी सदर श्री अमरनाथ गुप्ता के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक बाघराय श्री प्रदीप कुमार के नेतृत्व में थाना बाघराय पर एक आपराधिक संगठित गिरोह के गैंग सरगना व सदस्य क्रमशः (गैंग लीडर) 1- पंकज मिश्रा पुत्र रामकृष्ण मिश्रा निवासी पंचमहुआ थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ व (गैंग के सदस्य) 2- रमेश पाल पुत्र रामानन्द पाल निवासी पंचमहुआडीह थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ 3- सुनील यादव पुत्र शिवकुमार यादव निवासी पंचमहुआडीह थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ के विरुद्ध नियमानुसार दिनांक 12.08.2024 को मु0अ0सं0 277/24 धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

गैंगस्टर की गिरफ्तारी हेतु थाना बाघराय पुलिस टीम द्वारा क्षेत्रान्तर्गत प्रभावी चेकिंग व अभियुक्त के संभावित स्थानों पर वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर जानकारी कर दबिश दी रही थी-

इसी क्रम में दिनांक 03.09.2024 को थाना बाघराय के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में उ0नि0 राधेश्याम राय मय हमराह, हे0कां0 अतुल त्रिपाठी, कां0 शीशपाल सिंह द्वारा पतारसी, सुरागरसी के क्रम में मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र के नगरहन का पुरवा बैंक मोड़ के पास से गैंगस्टर रमेश पाल पुत्र रामानन्द पाल निवासी ग्राम पंचमहुआ डीह थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त गैंग सदस्य रमेश पाल उपरोक्त के द्वारा अपने गिरोह के सरगना पंकज मिश्रा व ( सदस्य) सुनील यादव द्वारा दिनांक 18.11.2022 को थाना बाघराय क्षेत्रान्तर्गत सोती का पुरवा पंचमहुआ निवासिनी वादी के पिता को पार्टी करने के बहाने घर से ले जाकर उन्हे गोली मारकर हत्या कर दी गई और शव को नहर के पास फेंक दिया। इस संबंध में थाना बाघराय प्रतापगढ़ में मु0अ0सं0- 302/2022 धारा 147, 302, 120बी, 506 भादवि पंजीकृत हुआ। विवेचना के दौरान सुनील यादव व पंकज मिश्रा की निशांदेही पर आलाकत्ल बरामद होना व अन्य पर्याप्त साक्ष्य मिलने के उपरांत अभियुक्तगण के विरुद्ध बढ़ोत्तरी धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया है। गैंगलीडर पंकज मिश्रा अभी जेल में निरूद्ध है, शीघ्र ही माननीय न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर त्वरित रुप से सख्त सजा भी सुनिश्चित कराई जायेगी।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

01- रमेश पाल पुत्र रामानन्द पाल निवासी ग्राम पंचमहुआ डीह थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़।

आपराधिक इतिहास -

रमेश पाल पुत्र रामानन्द पाल निवासी ग्राम पंचमहुआ डीह थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ का आपराधिक इतिहास -

01. मु0अ0सं0 302/22 धारा 147, 302, 120बी, 506 भादवि थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़।
02. मु0अ0सं0 166/22 धारा 279, 337 भादवि थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़।
03. मु0अ0सं0 277/24 धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़।

पुलिस टीमः- उ0नि0 राधेश्याम राय मय हमराह, हे0कां0 अतुल त्रिपाठी, कां0 शीशपाल सिंह थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़।

## **थाना रानीगंज, जनपद प्रतापगढ़**

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डा. अनिल कुमार का अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ कड़ा एक्शन,

प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी

आरोपी द्वारा वादी की पुत्री को अपहरण करने से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

थाना रानीगंज पुलिस टीम द्वारा नरसिंहगढ़ पुल के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

घटना का संक्षिप्त का विवरण-

दिनांक 30.08.2024 को वादी की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना रानीगंज में मु0अ0सं0 309/2024 धारा 137(2), 87 , 131, 352 बी0एन0एस का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डा0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी रानीगंज श्री विनय प्रभाकार साहनी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी रानीगंज श्री आदित्य सिंह के नेतृत्व में म0उ0नि0 दीपाली मय हमराह उ0नि0 श्री शिवेन्द्र कुमार, कां0 मनोज, म0कां0 स्वाति वर्मा द्वारा अभियुक्त सोनू पटेल पुत्र मेवालाल पटेल निवासी ग्राम गोवर्धनपुर तिलाईबाजार थाना मऊआइमा जनपद प्रयागराज को दिनांक 03.09.2024 को थानाक्षेत्र रानीगंज के नरसिंहगढ़ पुल के पास गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त सोनू पटेल  को मु0अ0सं0 309/2024 धारा 137(2), 87 बी0एन0एस में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष अग्रिम कार्यवाही हेतु पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

सोनू पटेल पुत्र मेवालाल पटेल निवासी ग्राम गोवर्धनपुर तिलाईबाजार थाना मऊआइमा जनपद प्रयागराज।

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

म0उ0नि0 दीपाली मय हमराह उ0नि0 श्री शिवेन्द्र कुमार, कां0 मनोज, म0कां0 स्वाति वर्मा थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़।

**थाना कुण्डा, जनपद प्रतापगढ़**

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डा. अनिल कुमार का अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ कड़ा एक्शन,

प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी

आरोपी द्वारा वादिनी की पुत्री को अपहरण करने से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

थाना कुण्डा पुलिस टीम द्वारा रेलवे स्टेशन कुण्डा से अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

घटना का संक्षिप्त का विवरण-

दिनांक 05.08.2024 को वादिनी की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कुण्डा में मु0अ0सं0 229/2024 धारा 137(2), 87 बी0एन0एस का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डा0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय एवं क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अजीत सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कुण्डा श्री सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 रविशंकर तिवारी मय हमराह, कां0 विनोद कुमार, कां0 अतुल कुमार द्वारा अभियुक्त अरुण कुमार पुत्र रामसुमेर पटेल निवासी गहनेरु बाग थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ को दिनांक 03.09.2024 को थानाक्षेत्र कुण्डा के रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त अरुण कुमार को मु0अ0सं0 229/2024 धारा 137(2), 87 बी0एन0एस में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष अग्रिम कार्यवाही हेतु पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

अरुण कुमार पुत्र रामसुमेर पटेल निवासी गहनेरु बाग थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़।

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

उ0नि0 रविशंकर तिवारी मय हमराह, कां0 विनोद कुमार, कां0 अतुल कुमार थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़।

## थाना महेशगंज पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेशगंज के उ0नि0 शिवा प्रजापति मय हमराह कां0 अंकित आर्या द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान, मु0न0 1523/2023 मु0अ0सं0 12/01 धारा 323, 504, 506 भादवि थाना महेशगंज से संबंधित वारण्टी अभियुक्त मुन्ना लाल पुत्र कड़ेदीन निवासी ग्राम श्रीपुर थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त का विवरण-

01-मुन्ना लाल पुत्र कड़ेदीन निवासी ग्राम श्रीपुर थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ।

पुलिस टीम- उ0नि0 शिवा प्रजापति मय हमराह कां0 अंकित आर्या मय हमराह थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़

## थाना दिलीपपुर, जनपद प्रतापगढ़

थाना दिलीपपुर पुलिस द्वारा 02 वारण्टी 01अभियुक्त व 01 अभियुक्ता गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना दिलीपपुर के उ0नि0 परशुराम पाण्डेय मय हमराह म0उ0नि0 सारिका म0कां0 प्रियंका यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान, के0नं0 1030/2014 धारा 452, 323, 504, 506 भादवि थाना कन्धई से संबंधित वारण्टी अभियुक्त 01- अमित कुमार उर्फ विपुल पुत्र अनिल कुमार 02- आशा देवी पत्नी अनिल कुमार निवासीगण ग्राम वशीरपुर थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त का विवरण-

01-अमित कुमार उर्फ विपुल पुत्र अनिल कुमार निवासी ग्राम वशीरपुर थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ।

02-आशा देवी पत्नी अनिल कुमार निवासी ग्राम वशीरपुर थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़।

पुलिस टीम-

उ0नि0 परशुराम पाण्डेय मय हमराह म0उ0नि0 सारिका म0कां0 प्रियंका यादव थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़।